
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

27 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

ज्ञान का प्रसार करना ही वास्तव में दुनिया में सुख और शांति फैलाने का सबसे अच्छा तरीका है।

**अल्फ्रेड नोबेल**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

27 जनवरी

मधु प्रिया

## पं.सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 जनवरी



पं. सीताराम चतुर्वेदी का जन्म 27 जनवरी 1907 को भारत के वाराणसी में एक प्रसिद्ध ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित भीमसेन वेदपति चतुर्वेदी वैदिक अध्ययन के विद्वान संस्कृत विद्वान थे। उन्होंने अपनी स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। जिन्हें आचार्य सीता राम चतुर्वेदी के नाम से भी जाना जाता है , एक प्रसिद्ध भारतीय शिक्षक, नाटककार और हिंदी और संस्कृत भाषा और साहित्य के विद्वान थेचतुर्वेदी ने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी में 70 से अधिक नाटक लिखे और कई अन्य में निर्देशन, मंचन और अभिनय किया। वे बंबई के पृथ्वी थिएटर में सक्रिय भागीदार थे और उन्हें अभिनव भारत की उपाधि से सम्मानित किया गया था। उन्होंने भाषा, व्याकरण, साहित्य, नाटक, रंगमंच आदि पर 250 से अधिक पुस्तकें भी लिखीं। कालिदास के संग्रहित कार्यों को संपादित किया ; और मदन मोहन मालवीय ,तुलसीदास और वल्लभाचार्य की जीवनी लिखी ।इन्हें कई पुरस्कार भी मिला जैसे उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा 1999 में 'हिन्दी गौरव' मिला।हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा उन्हे 2003 में 'साहित्य वाचस्पति' मिला। हिन्दी गौरव' तथा 'कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय' द्वारा 2003 में सीताराम चतुर्वेदी की डी. लिट् की उपाधि से नवाज गाया।पण्डित सीताराम चतुर्वेदी की मृत्यु 17 फरवरी 2005 को बरेली के निकट हुआ।

# पुण्यतिथि विशेष 27 जनवरी



## आर. वेंकटरमन

4 दिसंबर, 1910 - 27 जनवरी, 2009

**स्वतंत्रता सेनानी** और **भारत** के **पूर्व राष्ट्रपति** को उनकी **जयंती** पर नमन।

**आर. वेंकटरमण** अथवा **रामास्वामी वेंकटरमण** *Ramaswamy Venkataraman*) (जन्म- 4 दिसम्बर, 1910, मद्रास - मृत्यु- 27 जनवरी, 2009 नई दिल्ली) भारत के आठवें राष्ट्रपति थे। इसके पूर्व उपराष्ट्रपति पद भी इनके ही पास था। यह 77 वर्ष की उम्र में राष्ट्रपति बने। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति से राष्ट्रपति बनने वाले डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर ज़ाकिर हुसैन और वी.वी. गिरि ही थे। इनका क्रम चौथा रहा।

TOB
खेल कॉर्नर

# अंडर-19 वनडे में भारत के टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | मैच | रन | औसत | 100/50s |
|---|---|---|---|---|
| विजय जोल | 36 | 1404 | 42.54 | 4/7 |
| यशस्वी जायसवाल | 27 | 1386 | 69.3 | 3/12 |
| तन्मय श्रीवास्तव | 34 | 1316 | 48.74 | 2/11 |
| उन्मुक्त चंद | 21 | 1149 | 67.58 | 5/4 |
| शुभमन गिल | 16 | 1149 | 104.45 | 4/6 |
| वैभव सूर्यवंशी | 21 | 1080 | 51.42 | 3/5 |
| सरफराज खान | 33 | 1080 | 51.42 | 1/11 |
| विराट कोहली | 28 | 978 | 46.57 | 1/6 |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **27.01.2026**

## फेनमैन तकनीक

फेनमैन तकनीक नोबेल पुरस्कार विजेता भौतिक विज्ञानी रिचर्ड फेनमैन द्वारा विकसित एक प्रभावी सीखने की विधि है, जो जटिल विषयों को सरलता से समझने पर जोर देती है। इसमें किसी विषय को **6** साल के बच्चे को समझाने जैसी सरल भाषा में लिखने, ज्ञान की कमियों को पहचानने, सुधारने और सरल उदाहरणों के साथ दोबारा समझाने के **4** चरण शामिल हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




'जन गण मन' की तरह 'वंदे मातरम' के लिए भी खड़ा होना होगा! केंद्र सरकार वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान सम्मान दिलाने की योजना बना रही है।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"

फूल एकत्रित करने के लिए,
ठहर मत जाओ,
आगे बढ़े चलो,
तुम्हारे पर में फूल
निरंतर खिलते रहेंगे।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# निखिल रंजन बनर्जी

**जन्म-14 अक्टूबर 1931**

**मृत्यु -27 जनवरी 1986**



Madhu priya

/teachersofbihar



भारत के पूर्व राष्ट्रपति

# रामास्वामी वेंकटरमण

४ दिसंबर 1910-27 जनवरी 2009

Madhu priya


27 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रेम कभी भी अधिकार नहीं जताता है, बल्कि यह जीने की स्वतंत्रता देता है।



\- रवीन्द्र नाथ टैगोर

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org